रेडियो मधुबन का किया भारत सरकार ने सम्मान

रेडियो मधुबन 90.4 एफ एम जो कि आबूरोड एवं आसपास के क्षेत्र का सामुदायिक रेडियो है, को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा थीमेटिक अवार्ड से सम्मानित किया है. तीसरे राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार-2014 का आयोजन दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा चल रहे त्रिद्वसीय सम्मेलन के मध्य किया गया था.

भारत भर में 160 सामुदयिक रेडियो स्टेशन कार्य कर रहे हैं जिन में 13 स्टेशनों को उनके द्वारा किये गए जन हित प्रयासों को 5 श्रेणियों के अंतर्गत सम्मानित किया गया. रेडियो मधुबन को थीमेटिक अवार्ड की श्रेणी में सम्मानित किया गया. स्टेशन ईन्चार्ज यशवन्त पाटिल ने बताया कि रेडियो मधुबन स्थानीय आदिवासी महिलाओं द्वारा पढ़ाई लिखाई कर समाज उथान का नेत्रत्व करने के प्रयास को प्रोत्साहन देता व रेडियो पर उनके अनुभवों को प्रसारित करता आया है, निचलागढ़ की सरपंच सरमी बाई इसका अनूठा उद्दाहरण है. 'गृहासन से सिंहासन' के उनके सफर को रेडियो मधुबन ने भलिभांति समझा और अपनी रीति प्रसारण कर औरों को प्रेरणा दी. रेडियो मधुबन के इन प्रयासों को सम्मेलन में सराहा गया.

भारत सरकार के सात विभिन्न मंत्रालयों के उच्च अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित थे. श्री विमल जुल्का, सेक्रेटरी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, ने प्रशस्ति पत्र, ट्राफी और बीस हज़ार रूपये के चैक द्वारा श्री पाटिल जी को सम्मानित किया. हमारे सिरोही जिले के लिये ये गौरव का विषय है.